
# हितग्राहियों से उपयंत्री भालेकर की रिश्वतखोरी

## जांच के नाम पर कार्यवाई में लीपापोती का आरोप




## जनपद बिरसा के ग्राम पंचायत पिपरटोला का मामला

बालाघाट( स्वतंत्र मत )।

राज्य सरकार से लेकर केन्द्र सरकार के द्वारा अन्य योजनओं का संचालन कर ग्राम का विकास कार्य किया जाता हैं, जिसमें जनपद पंचायत के द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से उपयंत्री के तहत योजनाओं को मैदान में उतारा जाता हैं। लेकिन उन्हीं योजनाओं को स्वीकृत कराने के नाम पर उपयंत्री ने दर्जन भर गरीब ग्रामीणों से कुल 1 लाख 20 हजार रूपये रिश्वत के तौर पर ले लिये, ये ग्रामीणों ने आरोप लगाया हैं। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत बिरसा में पदस्थ उपयंत्री घनश्याम भालेकर का मामला ग्राम पंचायत पिपरटोला से सामने आया हैं।

जानकारी अनुसार बता दे कि उपयंत्री घनश्याम भालेकर के द्वारा ग्राम पिपरटोला निवासियों से केंद्र सरकार द्वारा संचालित मनरेगा पशु सेट योजना के तहत पशुपालक नरेंद्र सोनी, प्रताप ठाकरे, तीज लाल गिरन, विश्राम साहू, झुमका साहू, दुलीचंद राहंगडाले सहित अन्य पशुपालकों से योजना की स्वीकृति कराने के नाम पर गत वर्ष 1 लाख 20 हजार रूपये लिये गये। लेकिन आज दिनांक तक किसी भी पशुपालकों को योजना का लाभ मिला ना ही उन्हे राशी मिल पाई। इसी को हितग्राहियों ने पंचायत के सरपंच, सचिव से जब पुछा तो योजना में उनका किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं पाया गया, तभी जनपद सदस्य चैतराम तुरकर को ग्रामीणों ने रिश्वत की बात बतलाई तो उन्होने ग्रामीणों से पुछताछ की, जिसमें 12 लोगों ने उपयंत्री को रिश्वत के दौर पर पैसा देना बताया, लेकिन शिकायत की जांच मौके पर कुल 6 लोंग ही सामने आ पाये। ग्रामीणों ने बताया कि और ना जाने कितने हितग्राहियों से पैसा लिया होंगा जो सामने नहीं आ रहें हैं, जहां उपयंत्री भालेकर पदस्थ हैं उन पंचायतों की जांच की जाये तो वहां भी बड़ा घोटाला या कहें रिश्वतखोरी सामने आ सकती हैं।

सीईओं के समक्ष पैसा लेना स्वीकार कर चुके हैं उपयंत्री

मनरेगा की पशु सेट योजना से पशु सेट निर्माण के नाम पर हितग्राहियों से पैसा लेने को लेकर जब शिकायत तात्कालिन सीईओं श्री बर्वे के समक्ष पहुंची तो उन्होने 25 जनवरी 2024 को ग्राम पंचायत पिपरटोला पहुंचे जहां पर हितग्राहियों और उपयंत्री घनश्याम भालेकर की मौजूदगी में एक पंचनामा भी बनाया गया, जिसमें उपयंत्री घनश्याम भालेकर के द्वारा मौखिक रूप से बोला गया कि हितग्राहियों से पैसा लिया गया हैं, जिन्हें में पैसा वापस कर दूंगा। वहीं सरपंच, उपसरपंच तथा ग्रामीणों की मौजूद में हितग्राहियों से पुछताछ कि तो हितग्राही नरेंद्र सोनी से 10 हजार रूपये, प्रताप ठाकरे से 10 हजार रूपये, तीजलाल गिरने से 7 हजार रूपये, विश्राम साहू से 7 हजार रूपये, झुमका साहू से 7 हजार रूपये, दुलीचंद राहंगडाले से 7 हजार रूपये लिया गया हैं जो कुल 48 हजार रूपये होना बताया गया हैं एंव अन्य हितग्राही से भी निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति दिलाने के नाम पर पैसा लिया गया हैं। भ्रष्ट्र उपयंत्री के भ्रष्ट्र कारनामों से भोलेभाले हितग्राही लुट के शिकार हो गये, जिसको लेकर अब शिकायत कर कार्यवाई की मांग की गई हैं, पर ऐसे भ्रष्ट्र उपयंत्री को आखिर कौन बचा रहा हैं यह जिला प्रशासन से सवाल किये हैं?

सीईओं के समक्ष कबूला रिश्वतखोरी पर कार्यवाई क्यों नहीं?

चैतराम तुरकर जनपद सदस्य ने बताया कि 25 जनवरी 2024 को जनपद पंचायत बिरसा के सीईओ व अन्य अधिकारियों ने ग्राम पंचायत पिपरटोला में सरपंच, उप सरपंच तथा ग्रामीणों के समक्ष मामले की जांच कि गई, जहां रिश्वतखोर उपयंत्री घनश्याम भाडेकर की रिश्वतखोरी उजागर हुईं। जिसको लेकर पंचनामा तैयार किया गया था, किंतु आज दिनांक तक रिश्वतखोर उपयंत्री घनश्याम भाडेकर के ऊपर कोई कार्यवाहीं नहीं होना, मध्यप्रदेश पंचायती राज्य अधिनियम का खोर उल्लंघन सामने आता हैं, जिसके तहत अगर हितग्राहियों से योजना के नाम पर पैसा ले तो उन भष्ट्र अधिकारी पर कड़ी कार्यवाई होनी चाहिए ना कि उन्हे संरक्षण देकर और भष्टचार को बड़ावा देना चाहिए। अगर मामले में ऐसा ही चलता रहा तो आगामी समय में जिला स्तर व भष्ट अधिकारी के विरूद्ध आंदोलन किया जायेगा।

**इनका कहना हैं**

उपयंत्री राधेश्याम भालेकर के द्वारा हमें बोला गया कि हितग्राहियों का पशु सेट बना देंगे हमें 8 से 10 हजार प्रत्येक हितग्राही से पैसा चाहिए। तो 10 हितग्राहियों ने पैसा सीधा उपयंत्री श्री भालेकर को कुल 48 हजार रूपये दिये, लेकिन आज तक कोई पशु सेट का निर्माण नहीं हुआ हैं। जिसकी सहमती भी पंचायत परिसर में सीईओं के समक्ष हुआ था और उपयंत्री ने बोला था कि योजना का लाभ तो नहीं मिला हैं उसके बदले में पैसा वापस करूंगा, पर ऐसा कुछ नहीं हुआ हैं। जिसकी जांच कर उपयंत्री पर कड़ी कार्यवाई होनी चाहिए।

**शेरसिंह उइके, सरपंच**
**ग्राम पंचायत पिपरटोला**

# भारतीय मजदूर संघ ने मलाजखंड कार्यकारिणी को किया भंग

बालाघाट( स्वतंत्र मत )।

04 मार्च 2024 को गठित भारतीय खनिज मजदूर संघ मलाजखंड की कार्यकारिणी को भारतीय मजदूर संघ ने भंग कर दिया है। जिस आशय की पुष्टि भारतीय मजदूर संघ विभाग प्रमुख राजेश वर्मा ने करते हुए बताया कि नियम विरूद्ध तरीके से अध्यक्ष ना होते हुए भी हस्ताक्षर कर समिति गठित करवाने वाले संघ के जिला उपाध्यक्ष अनिमेष खरे को भी संघ से निष्कासित कर दिया गया है। वहीं इस मामले में भारतीय खनिज मजदूर संघ के संस्थापक महामंत्री एन.के. शर्मा ने आरोप लगाया है कि 04 मार्च 2024 को संघ की जो कार्यकारिणी घोषित कर मलाजखंड मैनेजमेंट को प्रदान की गई, उसमें शामिल अधिकांश लोगों के हस्ताक्षर फर्जी है।

गौरतलब हो कि भारतीय खनिज मजदूर संघ के 2019 में हुए विधिवत निर्वाचन के बाद से निर्धारित कार्यकाल तक जी.एन. राजावत अध्यक्ष थे। जबकि घृतराष्ट्र पटले, महामंत्री थे, लेकिन इस बीच जी.एन. राजावत की मृत्यु उपरांत, कार्यकारिणी का गठन, लंबित था। जिसका गठन किया जाना था, लेकिन इसी बीच भारतीय मजदूर संघ जिला उपाध्यक्ष अनिमेष खरे द्वारा, अध्यक्षीय हस्ताक्षर कर जो कार्यकारिणी गठित कर दी गई है, जिसमें पूर्व अध्यक्ष स्व. जी.एन. राजावत की पत्नी के.एस. राजावत को अध्यक्ष और हेमंत भगत कार्यकारी अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ पूरी कार्यकारिणी घोषित की गई। जिस कार्यकारिणी को ही एचसीएल मैंनेजमेंट को सौंप दिया गया।

जिस पर उठ रहे सवालों के बाद इस संबंध में भारतीय मजदूर संघ विभागीय प्रमुख राजेश वर्मा ने चर्चा में बताया कि चूंकि कार्यकारिणी में नियमों का पालन नहीं किया गया। जिसके चलते कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनो में भारतीय मजदूर संघ के राष्टीय महामंत्री का आगमन हो रहा है, जिनसे इस विषय पर चर्चा की जाएगी।इस मामले में भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक पूर्व महामंत्री एन.के. शर्मा ने बताया कि भारतीय खनिज मजदूर संघ मलाजखंड की कार्यकारिणी का गठन दोषपूर्ण एवं पक्षपातपूर्ण है। इस कार्यकारिणी को मान्यता देने से मजदूरों का अहित होगा। चूंकि मजदूर संघ एक राष्टीय संगठन है और राजावत के मरणोपरांत उनकी पत्नी को अध्यक्ष बनाना, परिवारवाद को ब?ावा देना है। उनका कहना है कि एचसीएल में एक नौकरी के दौरान वह संस्थान की सदस्या थी और जो संस्थान से जु?ी रही है, उसका उसी संस्थान के मजदूर संगठन का अध्यक्ष बनना भी कई संदेहो को जन्म देता है।

यही नहीं बल्कि कार्यकारिणी गठन में आम मजदूरों की भी राय नही ली गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होंने मलाजखंड पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक से की है। हमारी मांग है कि कार्यकारिणी गठन में नियमों का पालन किया गया है या नहीं, इसकी जांच की जाए और दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

# आज भारती पारधी का बालाघाट नगर और लालबर्रा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क

**बालाघाट( स्वतंत्र मत )।** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी आज बालाघाट नगर और लालबर्रा क्षेत्र में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में गांव-गांव, वार्ड- वार्ड सघन जनसंपर्क करेगी। जिसके तहत भारती पारधी प्रात: 9 से 12 बजे तक बालाघाट नगर, गर्रा दोपहर 1 बजे, कोपे 1.30 बजे, पाथरी 2 बजे, लोहारा 2:30 बजे, टेकाडी अपराह्न 3 बजे, बडगांव 3:30 बजे, कामथी 4 बजे, बहियाटिकुर 4:30 बजे, बल्हारपुर 5 बजे, खुरपोडी 5:30 बजे, रमपुरी शाय 6 बजे, घटोलगांव 6:30 बजे, नेवरगांव 7 बजे, पोण्डी 7-30 बजे, धारावासी 8 बजे, कटंगटोला 8:30 बजे, पांढरवानी- दुर्गा चौक 9 बजे, पांढरवानी- मरारी मोहल्ला 9:30 बजे कर जन आशीर्वाद लेगी। इस अवसर पर आम जनमानस, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेंगी।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शिवराज सिंह चौहान की सभा में की सहभागिता



**सिवनी।** गत दिवस को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी की सभा मे सहभागिता किया। सिवनी नगर के शुक्रवारी चौक मे बालाघाट-सिवनी लोकसभा चुनाव अंतर्गत आयोजित प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सभा मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सहभागिता किया। तथा सुकतरा हवाई पट्टी पर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों के साथ आगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। सभा समापन के उपरांत विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी श्री शिवराज सिंह चौहान जी के साथ शुक्रवारी चौक मे स्थापित श्रीराम दरबार मे प्रभु श्री राम जी के दर्शन एवं बडे जैन मंदिर मे दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के पास स्थित अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सादर नमन् किया। इस अवसर पर बडी संख्या मे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारियों, देवतुल्य जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं आमजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जिला बदर के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह द्वारा आगामी चुनाव एवं आचार संहिता को दृष्टीगत रखते हुए गुण्डा बदमाश एवं जिला बदर के आरोपीयों पर नियम के उल्लंघन करने पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुये है जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी. डी. शर्मा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) श्रीमति पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला बदर के आरोपी जो सीमा के अंदर घूम रहे उनकी धरपकड करना है एवं नियमों का पालन कराते हुये उपरांत कार्यवाही करना है।कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि गुण्डा बदमाश जिला बदर का आरोपी पंकज गोदो भैरोगंज मेंघूमते दिखा है जो थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी द्वारा उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुये थाना स्तर पर टीम गठित कर घेराबंदी कर पकडा गया एवं पूछताछ करने पर कोई वैद्य परमीशन होना नहीं बताया। जिसके विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम, 188 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

**आरोपी पर मारपीट,** अवैध हथियार रखने, अवैध वसूली करना जैसे लगभग 18 आपराधिक प्रकरण दर्ज है।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि संजय यादव, आर. नितेश, अमित, प्रतीक, महेन्द्र, विक्रम, मुकेश चौरिया, राजू भलावी, अजय मिश्रा, अजेन्द्र पाल, सतीश, इरफान, म.आर. मंजू, एवं फरहीन का योगदान रहा।

# प्रदूषित पेयजल सप्लाई: उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में वृद्धि

**सिवनी।** नगर पालिका सिवनी की जल प्रदय राखा में पदस्थ भारी भरकम अमले की लापरवाही से हर दिन नगर में जो पेयजल सप्लाई किया जा रहा है वह मटमैला होने के साथ ही प्रदूषित है। हर माह लाखो रुपये की लागत से पुरानी व नवीन जल आवर्धन योजना के लिये लगी पाइप लाइन जगह- जगह से टूट रही है, मनमनी तरीके से सुआखेख प्लॉट से अति तेज गति से खेड़े जा रहे पानी के प्रेशर से पदप लाइन टूटने से विगत दिनों हुई वर्षा का जाल नगर में किये जा रहे पानी में शामिल होकर उसे घातक बना रह है। विदित हो कि लगातार कई दिनोंप्रदूषित पेयजल के सेवन से इन में नगर के अधिकांश वार्डों में पर्यास पेयजल नहीं दिया जा रहा है, जो पानी आ रहा है वह सेवन के योग्य नहीं है, जबकि हर दिन फिल्टर प्लांट में हजारों रुपये फिटकरी सेपानी को साफ करने के लिये उपयोग की जा रही है। बताया जाता है प्लॉट में तय मात्रा से कम एलम, ब्लीचिंग व फिटकरी मिलाकर कर्मी बड़ा घोटाला कर रहे है।दिनों विशेषकर 6 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों को अल्टी दस्त की शिकायत हो रही है, जिला हॉस्पिटल व नियी नर्सिंग होमो में खपरिया से पैड़ित मरीजों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है।

# एकमेव विकल्प, मोदी और भारती ही संकल्प: कमल मर्सकोले

## जनकल्याण और विकास की गारंटी का दूसरा नाम नरेन्द्र मोदी: भारती पारधी

भाजपा का बरघाट में गांव-गांव, जन-जन संपर्क

लाड़ली लक्ष्मी और लाडली बहनों के संग मन की बात

बालाघाट(स्वतंत्र मत)। आयुष्मान योजना से स्वास्थ्य उपचार की गारंटी। गरीब कल्याण योजना से भोजन की गारंटी, प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास की गारंटी, किसान सम्मन निधि से किसानों के कल्याण गारंटी। मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया से युवाओं को रोजगार की गारंटी, लाडली बहना योजना से बहनों के स्वाभिमान की गारंटी, जन सेवा के कार्यों को समय सीमा में करने की गारंटी। सेवा सुशासन की गारंटी। देश के स्वाभिमान, मान, सम्मान, समृद्धि संपन्नता, विकास की गारंटी। हर घर शौचालय से खुले में शौच से मुक्ति की गारंटी, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिला सुरक्षा, समृद्धि की गारंटी। अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण की गारंटी। काले कानून समाप्त करने की गारंटी। उज्जवला गैस की गारंटी। तीन तलाक समाप्त करने की गारंटी। जम्मू कश्मीर से धारा 370 से मुक्ति की गारंटी। जनकल्याण और विकास की गारंटी। सुरक्षा और न्याय की गारंटी। सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई की गारंटी। भ्रष्टाचार से मुक्ति की गारंटी। आतंकवाद को समाप्त करने की गारंटी। यह बात कहते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी ने कहा, जनकल्याण और विकास की गारंटी का दूसरा नाम सिर्फ और सिर्फ नरेन्द्र मोदी है। इस गारंटी को बनाए रखने के लिए हमें घर-घर मोदी मोदी को चुनने का आवाह्न करना होगा। दौरान भारती पारधी ने लाड़ली लक्ष्मी और लाडली बहनों से स्नेह पूर्वक भेंट कर उनके संग मन की बात की।



### लिया जन आशीर्वाद

भारती पारधी ने सोमवार को विधानसभा- बरघाट में विधायक कमल मर्सकोले, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में गांव-गांव, जन-जन संपर्क, सभाएं कर कोदझिरी, मेटेवानी, पोटिया, मोहगांव, जीरेवाडा, विजयपानी, खम्बा, खामरीट, अम्बाडी, सतोषा, टुरिया, कोहका, तेलिया, अर्जुनी, खवासा, खण्डासा, पचधार, आमाझिरी, कुप्पीटोला, नयेगांव, चिखली, बबई, धनौली, जमरापानी, पाटन, पिण्डराई और कुरई में जन आशीर्वाद लिया।

**भारती एक सजग, सरल कार्यकर्ता: कमल मर्सकोले** -इन अवसरों पर बरघाट विधायक कमल मर्सकोले ने कहा, कांग्रेस करती थी, किसानों का अपमान बीजेपी करती है किसानों का सम्मान।

बानगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसान सम्मान निधि, उपार्जन का सही दाम जैसी सौगात केंद्र और प्रदेश सरकार ने किसानों को समर्पित की है जिससे किसान जीवन खुशहाल और स्वाभिमान के साथ जी रहे हैं। अब तो प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने धन और गेहूं के बड़े हुए दामों को आगमी जुलाई में पूर्ण बजट में अनुमोदन कर देने का संकल्प भी दोहराया है। इसके अलावा मोदी जी के परिवार किसान, महिला, युवा, मजदूर और गरीब के कल्याण की योजनाओं को निरंतर आगे बढ़े रखने के लिए फिर एक बार देश में मोदी सरकार बनाने के लिए हमें आगे बढ़ना होगा। आखिर एकमेव विकल्प, मोदी और भारती ही संकल्प है। भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता, भारती पारधी के तौर पर एक सजग, सरल प्रतिनिधि हमारा गर्व और गौरव बढ़ाएगा।

### भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था:आलोक दुबे

यहां भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन के युद्ध के बाद अमेरिका, जापान, और ऑस्ट्रेलिया की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। भारत अर्थव्यवस्था में विश्व में 11वें स्थान पर था, लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। पहले के समय में भगवान की मूर्तियां और बच्चों के खिलौने चीन से आते थे, लेकिन आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलौने उत्पादन में भारत ढाई गुना बढ़ गया है।

# मोदी और भाजपा ने हमेशा झूठ बोला

## सिवनी के समुद्रराजा में आयोजित सभा में बोले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी



सिवनी।

बखारी क्षेत्र स्थित आदिवासियों के पवित्र स्थल समुद्रराजा में रविवार की शाम र आयोजित सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला। बालाघाट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट सिंह सरस्वार के समर्थन में तेज बारिश से प्रभावित सभा में केवल 03 मिनट 25 सेकेंड के अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा और मोदी ने हमेशा झूठ बोला है। 2014 में बेरोजगारी की बात की थी। रोजगार, किसानों की इंकम, काले धन की बात की थी। 15-15 लाख देने की बात की थी। कोई के खाते में 15 लाख आया क्या शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि चुनाव के बाद लाइली बहनों के खाते में 3 हजार आएंगे, खाते में 3 हजार आए क्या? उन्होंने कहा था धान का दाम 29 सौ से 31 सौ दूंगा। गेहूं के 27 सौ दूंगा, मिले क्या? सभा में बालापाट सीट से कांग्रेस मिले मासिह सरस्वार, कांग्रेस जिला समाज कुमार खुराना, विधायक रजनीश सिंह, अतुल मालू, प्रसत्र मालू, एड रजनीश सिंह, अतुल प्राप्त बघेल, मोहन चंदेल आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस की सरकार बनेगी

पटवारी ने दावा किया कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कांग्रेस की गारंटी गिनाते हुए कहा कि हर घर की एक महिला के खाते में हर माह 8 हजार 5 सौ रुपए आएंगे। हर साल 1 लाख रुपए देंगे। इसी तरह पढ़े-लिखे बच्चों को भी एक लाख रुपए हर साल दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महुआ बीनने वाली महिलाओं को प्रति किलो महुआ का दाम 100 रुपए मिले, किसानों की धान एकाप्रति किंटल बिके इसकी मिनिमम गारंटी रहेगी।

### एक घंटे खोजते रहे जगह

जीतू पटवारी की सभा 02 बजे से आयोजित होने की जानकारी जिला कांग्रेस द्वारा एक दिन पहले जारी की गई थी। रविवार को मौके पर बताया गया कि वे शाम 4 बजे आाँ। इसी बीच शाम की 04 बजकर 32 मिनट पर मदराजा में तेज बारिश शुरू हो गई। शाम 05 बजकर 11 मिनट पर पानी गिरना बंद हुआ। इसके 06 मिनट बाद ही पटवारी हैलीकॉप्टर से पहुंच गए। वे 05-22 बजे मंच पर पहुंचे उन्होंने ये ए विलंब हो गया। उनके साथ का था। भौके पर यह भी राज्यसभा की चचर्चा रही कि दोनों नेता आए थे लेकिन हैलीकॉप्टर में उतरे नहीं।



# डॉ. बाबासाहब आंबेडकर का किया अभिवादन, चित्र पर माल्यार्पण कर अनुयायियों ने दी आदरांजलि

सिवनी

घंसौर डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्रामीण इलाकों का पूरा वातावरण जय भीम की जयघोष से गुंजायन रहा। रविवार 14 अप्रैल को सभी जाति वर्ग के लोगों ने पूजा अर्चना कर महामानव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए जीवन जीने को लेकर भी मार्गदर्शन किया गया।

डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके अनुयायियों द्वारा दी आदरांजलि इसके अलावा शासकीय व सामाजिक संगठनों ने भी उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर सभी जाति वर्ग के लोग शामिल हुए। उपस्थित प्रतिनिधियों ने बाबासाहेब के जीवन पर विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर जनपद सदस्य गीता रिक्खी लाल बकोड़े, जनपद सदस्य मनीराम ककोडिया आदिम जाति कल्याण विभाग घंसौर के मंडल संयोजक रघुवंशा पंद्रे, आरएल नायकवार, घंसौर पेसा एक्ट ग्राम सभा अध्यक्ष प्रदीप धुर्वे, बी एल भलावी, राजेश डोंगरे, राम कुमार धार्मिक, चोखे अहिरवार, सरपंच विमला विष्णु तेकाम, उपसरपंच सचिन जैन, आदि उपस्थित थे।